भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5147

जिसका उत्तर मंगलवार 27 मार्च, 2018 को दिया जाना है

बीएचईएल में निदेशक मंडल में महिला की नियुक्ति

5147. श्री गणेश सिंह:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार भारत हेवी इलेक्ट्रीकल लिमिटेड (बीएचईएल) में निदेशक मंडल के स्तर पर महिलाओं के प्रतिनिधित्व में वृद्धि करने के लिए देश में सूचीबद्ध कंपनियों हेतु कॉर्पोरेट गवर्नेंस नियमों की समीक्षा करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) बीएचईएल में निदेशक मंडल के स्तर तक उनकी पहुंच के लिए उन्हें तैयार करने हेतु क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(घ) निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल महिला सदस्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के साथ पठित अनुरूपी नियमों, भारतीय प्रतिभूति विनियमन बोर्ड विनियम 2015 (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाओं) के अनुसार निर्धारित श्रेणी की प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी के निदेशक मंडल में कम से कम एक महिला निदेशक का होना निर्धारित है। तदनुसार, भारत हेवी इलेक्ट्रीकल लिमिटेड (बीएचईएल) के बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की एक सूचीबद्ध इकाई होने के नाते इसके बोर्ड (निदेशक मंडल) में एक स्वतंत्र महिला निदेशक मौजूद हैं।

वर्तमान में, बीएचईएल में निदेशक मंडल के स्तर पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए कंपनी नियंत्रण नियमों की समीक्षा करने हेतु ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): बीएचईएल अपनी महिला कार्यपालकों को विभिन्न कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित करता है ताकि नेतृत्व, व्यवहार और तकनीकी पहलुओं में उनके कौशल को बढ़ाया जाए। इससे उच्च स्तरों पर जवाबदेही लेने के लिए उन्हें तैयार करने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और अनुभवों को आपस में बांटने में भी मदद मिलती है।

(घ): बीएचईएल में इस समय 239 नियमित महिला कर्मचारी हैं जो उपमहाप्रबंधक और उससे ऊपर के उच्च स्तर तक पहुंची हैं जोकि कंपनी में सामान्यतः निर्णय लेने वाले स्तर हैं। कुछ मामलों में ऐसी महिला अधिकारी अपने-अपने संबंधी क्षेत्रों में अनुभाग प्रमुख/विभाग प्रमुख और कार्यात्मक प्रमुख हैं।

******